परामर्श और पक्ष-समर्थन

हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण से प्रभावित या Disability Royal Commission के साथ संलग्न होने वाले लोगों के लिए

संचार टूलकिट

अंतिम अपडेट 16 नवंबर 2021

Support is here for you.

NDAP National Disability Advocacy Program

blue knot foundation National Centre of Excellence for Complex Trauma

Australian Government

इस किट में क्या शामिल है?

परिचय 3
Disability Royal Commission 4
परामर्श समर्थन 5
पक्ष-समर्थन 6
कानूनी और आर्थिक सहायता 7
सोशल मीडिया और वेबसाइट इमेजेस 8
सुलभ संसाधन 8
सोशल मीडिया सामग्री 9
सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों से आने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोग 9
परिवार, दोस्त, देखभालकर्ता और समर्थनकर्मी 10
न्यूज़लेटर या वेबसाइट सामग्री 11
अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न 13

परिचय

ऑस्ट्रेलिया सरकार इन लोगों के लिए परामर्श और पक्ष-समर्थन सहायता सेवाओं का निधीकरण कर रही है:

- हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण का अनुभव करने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोग
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण के लिए विकलांगता राजकीय आयोग ('Disability Royal Commission') के साथ संलग्न होने वाले या इससे प्रभावित होने वाले वाले लोग।

ये सेवाएँ ऐसे सभी लोगों के लिए निःशुल्क, स्वतंत्र और गोपनीय रूप से उपलब्ध हैं, जिन्हें इनकी आवश्यकता हो सकती है।

इन समर्थनों का उपयोग करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए प्रस्तुति जमा करना या Disability Royal Commission के साथ पहले कभी संलग्नता होना आवश्यक नहीं है।

सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों से आने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों को संदेश प्राप्त करने में सहायता देने के लिए Department of Social Services (DSS) ने यह संचार टूलकिट विकसित किया है।

कृपया अपने समुदाय में विकलांगता-ग्रस्त लोगों और उनके परिवार के सदस्यों, दोस्तों और देखभालकर्ताओं के बीच इन समर्थन सेवाओं के बारे में जानकारी फैलाने में हमारी सहायता करें।

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर जाएँ।

Disability Royal Commission के बारे में

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने 5 अप्रैल 2019 को Disability Royal Commission की स्थापना की घोषणा की।

ऑस्ट्रेलिया में राजकीय आयोग सार्वजनिक रूप से महत्वपूर्ण मामलों के बारे में जाँच करने के लिए सर्वोच्च निकाय होते हैं। Disability Royal Commission का उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार पर प्रकाश डालना है।

Disability Royal Commission ऑस्ट्रेलियाई समुदाय की ओर से विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण के अनुभवों के बारे में जानना चाहता है।

लोग Disability Royal Commission को फोन से, लिखित में, अथवा ऑडियो या वीडियो रिकॉर्डिंग करके अपने हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण के अनुभवों के बारे में बता सकते हैं। Disability Royal Commission सितंबर 2023 तक चलेगा।

Disability Royal Commission के काम के बारे में जानकारी के लिए **1800 517 199** पर कॉल करें या वेबसाइट disability.royalcommission.gov.au पर जाएँ।

परामर्श समर्थन

विकलांगता-ग्रस्त लोगों को दुर्व्यवहार के अपने अनुभवों से उबरने या Disability Royal Commission को अपनी कहानी बताने में सहायता देने के लिए परामर्श समर्थन उपलब्ध है।

Blue Knot Foundation द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली National Counselling and Referral Service विकलांगता-ग्रस्त लोगों, परिवार के सदस्यों, देखभालकर्ताओं, पक्ष-समर्थकों और कर्मियों को समर्थन देने के लिए निःशुल्क, स्वतंत्र और गोपनीय परामर्श प्रदान करती है।

परामर्श टेलीफोन से, या ऑनलाइन (वेबचैट से) या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपलब्ध है। कुछ क्षेत्रों में आमने-सामने स्वरूप में परामर्श उपलब्ध होता है।

National Counselling and Referral Service से **1800 421 468** पर संपर्क करें (कार्यदिवसों में सुबह 9बजे से शाम 6बजे तक, और सप्ताहाँतों व राष्ट्रीय सार्वजनिक अवकाशों के दिन सुबह 9बजे से शाम 5बजे तक)।

जिन लोगों को सुनाई नहीं देता है या जिनकी सुनने या बोलने की क्षमता में कोई खामी है, वे **133 677** पर National Relay Service (NRS) के माध्यम से सेवा के साथ संपर्क कर सकते हैं।

जिन लोगों को किसी अन्य भाषा में समर्थन की आवश्यकता है, वे इन तरीकों से Translating and Interpreting Service (TIS National) का निःशुल्क उपयोग कर सकते हैं:

- National Counselling and Referral Service को **1800 421 468** पर कॉल करें और दुभाषिए के लिए निवेदन करें; या
- TIS National को **131 450** पर कॉल करें और उनसे **1800 421 468** पर National Counselling and Referral Service से संपर्क कराने के लिए कहें।

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर जाएँ।

यदि वर्तमान में किसी व्यक्ति को हिंसा या दुर्व्यवहार के किसी भी प्रारूप का अनुभव हो रहा है, अथवा जो अपनी या किसी अन्य व्यक्ति की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं, उन्हें तुरंत 000 पर फोन करना चाहिए।

पक्ष-समर्थन

पक्ष-समर्थन से लोगों को Disability Royal Commission को अपनी कहानी बताने के तरीकों को बेहतर रूप से समझने में सहायता मिल सकती है।

जिन विकलांगता-ग्रस्त लोगों, या उनकी ओर से कार्य करने वाले परिवार के जिन सदस्यों या देखभालकर्ताओं को संचार करने में या प्रक्रिया को समझने में कठिनाई हो सकती है, उनके लिए स्वतंत्र पक्ष-समर्थन उपलब्ध है।

एक पक्ष-समर्थक विकलांगता-ग्रस्त व्यक्ति को इन बातों में सहायता दे सकता है:

- संचार के लिए समर्थनों का पता लगाना, जैसे दुभाषिए
- इस बारे में समझना कि Disability Royal Commission को अपनी कहानी कैसे बताएँ
- समस्याएँ हल करना या भेदभाव के मामलों से संरक्षित रहना
- समर्थनों की सुलभता प्राप्त करना, जैसे Disability Royal Commission से संबंधित कानूनी या आर्थिक सेवाएँ

लोग National Counselling and Referral Service से **1800 421 468** पर संपर्क कर सकते हैं और अपने निकट स्थित किसी पक्ष-समर्थक के प्रति रेफरल के लिए निवेदन कर सकते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर जाएँ।

कानूनी और आर्थिक सहायता

Disability Royal Commission के साथ संलग्न होने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं, समर्थकों व पक्ष-समर्थकों के लिए निःशुल्क कानूनी समर्थन और आर्थिक सहायता उपलब्ध है।

Your Story Disability Legal Support एक स्वतंत्र, राष्ट्रीय कानूनी सेवा है।

Your Story Disability Legal Support से संपर्क करने के लिए:

- 1800 77 1800 पर कॉल करें (सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9बजे से शाम 5बजे तक AEST)
- वेबसाइट www.yourstorydisabilitylegal.org.au पर जाएँ।

Your Story विकलांगता सेवा प्रदाताओं, गैर-सरकारी संगठनों और आवासीय सुविधाओं जैसे संगठनों को कानूनी सलाह प्रदान नहीं करती है।

व्यक्ति-विशेषों और संस्थाओं के Disability Royal Commission के साथ संलग्न होने से संबंधित कानूनी प्रतिनिधित्व और संवितरण की लागतों को पूरा करने के लिए समर्थन भी उपलब्ध है।

Attorney-General's Department के आर्थिक समर्थन अनुभाग (Financial Assistance Section) से संपर्क करने के लिए:

- 1800 117 995 पर कॉल करें (सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9बजे से शाम 5बजे तक AEST)
- जिन लोगों को किसी अन्य भाषा में जानकारी की अवश्यकता है, वे TIS National को 131 450 पर कॉल कर सकते हैं और उन्हें कॉल करने के लिए नंबर 02 6141 4770 दे सकते हैं।
- जिन लोगों को सुनाई नहीं देता है या जिनकी सुनने या बोलने की क्षमता में कोई खामी है, वे National Relay Service को कॉल कर सकते हैं और उन्हें कॉल करने के लिए नंबर 02 6141 4770 दे सकते हैं।
- और अधिक जानकारी के लिए Attorney-General's Department website पर जाएँ।

सोशल मीडिया और वेबसाइट इमेजेस

समर्थन सेवाओं के बारे में जानकारी फैलाने में सहायता के लिए वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर डाउनलोड करने के उद्देश्य से इमेजेस उपलब्ध हैं।

इन इमेजेस में चित्रित सभी विकलांगता-ग्रस्त लोगों ने इस उद्देश्य के लिए पूरी तरह से सूचित होकर अपनी सहमति प्रदान की है।

अनुवादित तथ्य पत्रक

हमारे पास समर्थन सेवाओं के बारे में जानकारी फैलाने में सहायता के लिए वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर डाउनलोड करने के लिए अनेकानेक अनुवादित तथ्य पत्रक उपलब्ध हैं।

इन उत्पादों को स्वदेशी स्वामित्व वाली रचनात्मक कंपनी *Carbon Creative* द्वारा उत्पादित किया गया था और एक स्वतंत्र अनुसंधान कंपनी के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ इनका परीक्षण किया गया था।

您有残障吗？是否有人曾经伤害过您、以恶劣的方式对待您或者利用您？

如果您遇到过这种情况，您可能需要情感上的支持或帮助来保护自己的权利。我们可以为您提供免费、独立和保密的支持。

情感上的支持

心理咨询可以为残障人士、其家人和照顾者提供帮助。

心理咨询师可以帮助您：

- 在安全保密的环境下讨论您的感受和情绪
- 解决您的问题或困扰
- 寻求其他对您而言切实可行的帮助。

代言支持服务

代言人可以代表残障人士、其家人或照顾者，为他们行事。

代言人可以帮助您：

- 保护自己的权利
- 解决问题
- 寻找沟通支持
- 获取其他服务，比如法律或财务服务。

正在考虑参与残障人士皇家委员会的人员也可以使用这项支持服务。您可以花些时间来考虑是否需要获取支持。

我们随时都可以帮助您。

请联系国家咨询与转介服务，电话 1800 421 468 或 02 6146 1468 或访问 dss.gov.au/disability-royal-commission-support。

如果您当前正遭受任何形式的暴力或虐待，或担心自身安全，请拨打 000 报警。

Chinese (Simplified) - 简体中文

सोशल मीडिया सामग्री

विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए उपलब्ध समर्थन के बारे में जानकारी फैलाने में सहायता के उद्देश्य से अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों में नीचे दी गई सामग्री का उपयोग करें या इसे अनुकूलित करें।

Facebook

क्या आप विकलांगता-ग्रस्त हैं? क्या किसी ने आपको शारीरिक रूप से चोट पहुँचाई है, आपके साथ बुरा बर्ताव किया है या आपका फायदा उठाया है? आपको सलाहकार से समर्थन प्राप्त करने की आवश्यकता हो सकती है।

National Counselling and Referral Service से **1800 421 468** पर संपर्क करें। यदि आप अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में सलाहकार से बात करना चाहते/चाहती हैं, तो आप दुभाषिए के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं।

सलाहकार आपके साथ किसी सुरक्षित स्थान में आपकी अनुभूतियों और भावनाओं के बारे में बात करने के लिए आपको समर्थन दे सकता है, और किसी समस्या या मुद्दे को हल कर सकता है। अनुवादित संसाधनों सहित और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर जाएँ।

यदि आप Disability Royal Commission के साथ संलग्न होने के बारे में सोच रहे/रही हैं, तो आपको समर्थन की आवश्यकता हो सकती है। एक सलाहकार आपके साथ किसी सुरक्षित स्थान में आपकी अनुभूतियों और भावनाओं के बारे में बात करने के लिए आपको समर्थन दे सकता है। समर्थन निःशुल्क, स्वतंत्र और गोपनीय है।

अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में सलाहकार से बात करने के लिए आप **1800 421 468** पर National Counselling and Referral Service से संपर्क कर सकते/सकती हैं और एक दुभाषिए के लिए पूछ सकते/सकती हैं। यह कार्यदिवसों में सुबह 9बजे से शाम 6बजे तक, और सप्ताहाँतों व राष्ट्रीय सार्वजनिक अवकाशों के दिन सुबह 9बजे से शाम 5बजे तक उपलब्ध है। अनुवादित संसाधनों सहित और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर जाएँ।

यदि आप Disability Royal Commission में भाग लेने के बारे में सोच रहे/रही हैं, तो आपको समर्थन की आवश्यकता हो सकती है। एक पक्ष-समर्थक आपको अपनी कहानी बताने और अन्य समर्थनों की सुलभता प्राप्त करने में सहायता दे सकता है।

पक्ष-समर्थक के प्रति रेफर किए जाने के लिए National Counselling and Referral Service को **1800 421 468** पर कॉल करें। यदि आपको अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में समर्थन की आवश्यकता है, तो कृपया दुभाषिए के लिए निवेदन करें।

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर जाएँ।

Twitter

क्या आप किसी विकलांगता से ग्रस्त हैं? क्या किसी ने आपके साथ दुर्व्यवहार किया है? आपको सलाहकार से समर्थन की आवश्यकता हो सकती है। अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में सलाहकार से बात करने के लिए आप **131 450** पर Translating and Interpreting Service (TIS National) का निःशुल्क उपयोग कर सकते/सकती हैं।

क्या आप @DRC_AU में भाग लेने के बारे में सोच रहे/रही हैं? आपको सलाहकार या पक्ष-समर्थक से समर्थन की आवश्यकता हो सकती है। **1800 421 468** पर कॉल करें और अपने निकट स्थित किसी समर्थन सेवा के प्रति रेफर किए जाने के लिए पूछें। यह निःशुल्क, स्वतंत्र और गोपनीय है।

यदि आप Disability Royal Commission में भाग लेने के बारे में सोच रहे/रही हैं, तो आपको समर्थन की आवश्यकता हो सकती है। विकलांगता-ग्रस्त लोगों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए परामर्श और पक्ष-समर्थन उपलब्ध है। और अधिक जानकारी के लिए हमारे अनुवादित तथ्य पत्रक देखें: https://bit.ly/3Ca6N08 ।

न्यूज़लेटर या वेबसाइट सामग्री

क्या आपको Disability Royal Commission के साथ संलग्नता के लिए समर्थन की आवश्यकता है?

जो विकलांगता-ग्रस्त लोग Disability Royal Commission में भाग लेने के बारे में सोच रहे हैं, उनके लिए परामर्श और पक्ष-समर्थन सेवाएँ उपलब्ध हैं। ये सेवाएँ निःशुल्क, स्वतंत्र और गोपनीय हैं।

परामर्श समर्थन प्राप्त करने या पक्ष-समर्थक की खोज करने के लिए National Counselling and Referral Service को **1800 421 468** पर कॉल करें।

यदि आपको अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में समर्थन की आवश्यकता है, तो कृपया दुभाषिए के लिए निवेदन करें या TIS National को **131 450** पर कॉल करें और उनसे **1800 421 468** पर National Counselling and Referral Service से संपर्क कराने के लिए कहें।

यदि आपको सुनाई नहीं देता है या आपकी सुनने या बोलने की क्षमता में कोई खामी है, तो आप **133 677** पर National Relay Service (NRS) के माध्यम से सेवा के साथ संपर्क कर सकते/सकती हैं।

यदि आपको टेलीफोन का उपयोग करना चुनौतीपूर्ण लगता है, तो आप वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं। इसकी व्यवस्था करने के लिए ncrscounsellors@blueknot.org.au पर ईमेल भेजें।

वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर समर्थन सेवाओं के बारे में जानकारी Easy Read और Auslan सहित अनेकानेक सुलभ प्रारूपों में उपलब्ध है।

आप अपने नाम और पते के साथ DRCsupports@dss.gov.au पर ईमेल भेजकर ब्रेल ओवरले के साथ बड़े प्रिंट में समर्थन सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं।

परामर्श सहायता

क्या आप किसी विकलांगता से ग्रस्त हैं? क्या किसी ने आपको शारीरिक हानि पहुँचाई है, आपके साथ बुरा बर्ताव किया है या आपका फायदा उठाया है?

एक सलाहकार आपके साथ किसी सुरक्षित स्थान में आपकी अनुभूतियों और भावनाओं के बारे में बात करने के लिए आपको समर्थन देगा, और किसी समस्या या मुद्दे का हल करेगा। यदि आपके साथ कुछ बुरा हुआ है या किसी ने आपको चोट पहुँचाई है, तो सलाहकार आपको अपनी भावनाओं के बारे में बात करने में समर्थन दे सक हैं । यदि आप Disability Royal Commission को अपनी कहानी बताने के बारे में सोच रहे/रही हैं, तो भी वे आपकी सहायता कर सकते हैं।

आप सलाहकार के साथ जो भी साझा करने का निर्णय लेते/लेती हैं, वह गोपनीय होता है - इसे किसी और के साथ साझा नहीं किया जाता है। यदि आप अपना नाम नहीं देना चाहते/चाहती हैं, तो आपके लिए नाम देना ज़रूरी नहीं है।

National Counselling and Referral Service से **1800 421 468** या **02 6146 1468** पर संपर्क करें।
यह कार्यदिवसों में सुबह 9बजे से शाम 6बजे तक, और सप्ताहाँतों व राष्ट्रीय सार्वजनिक अवकाशों के दिन सुबह 9बजे से शाम 5बजे तक खुली रहती है।

पक्ष-समर्थन

आपको या आपकी ओर से काम करने वाले परिवार के किसी सदस्य या देखभालकर्ताओं को Disability Royal Commission के साथ संचार करने या उनके साथ संलग्न होने के बारे में समझने के लिए पक्ष-समर्थक की आवश्यकता हो सकती है।

पक्ष-समर्थक आपको अपनी कहानी बताने में सहायता दे सकता है और संचार या कानूनी मुद्दों के साथ आपकी सहायता के लिए सही समर्थन खोज सकता है।

आप पक्ष-समर्थक के प्रति रेफर किए जाने के लिए National Counselling and Referral Service को **1800 421 468** पर कॉल कर सकते/सकती हैं या वेबसाइट dss.gov.au/disability-royal-commission-support पर जा सकते/सकती हैं।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

समर्थन सेवाओं के लिए भुगतान कौन कर रहा है?

ऑस्ट्रेलिया सरकार National Counselling and Referral Service, National Disability Advocacy Program के विस्तारण और अनेकानेक प्रकार की आमने-सामने की परामर्श सेवाओं का वित्त-पोषण कर रही है। इस निधि का प्रशासन Department of Social Services द्वारा किया जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया सरकार Disability Royal Commission में भाग लेने वाले लोगों के लिए कानूनी समर्थन सेवाओं का वित्त-पोषण भी कर रही है। इस निधि का प्रशासन Attorney-General's Department द्वारा किया जा रहा है।

परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए Blue Knot Foundation का चयन क्यों किया गया?

Blue Knot Foundation फोन परामर्श और जटिल आघात में विशेषज्ञ हैं और वर्तमान में National Redress Scheme के साथ संलग्न लोगों के लिए परामर्श और रेफरल सेवाएँ प्रदान करते हैं।

परामर्श और पक्ष-समर्थन सेवाओं की सुलभता के लिए कौन पात्र है?

ऐसे किसी भी विकलांगता-ग्रस्त व्यक्ति के लिए परामर्श समर्थन उपलब्ध है, जिसने हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा या शोषण का अनुभव किया है और/या जो Disability Royal Commission के साथ संलग्न हो रहा है या इससे प्रभावित हो रहा है।

इस समर्थन की सुलभता के लिए आपको प्रस्तुति जमा करने या Disability Royal Commission के साथ पहले कभी संलग्नता होने की आवश्यकता नहीं है।

National Disability Advocacy Program की ओर से स्वतंत्र पक्ष-समर्थन विशेषकर ऐसे विकलांगता-ग्रस्त लोगों, या उनकी ओर से काम करने वाले परिवार के सदस्यों या देखभालकर्ताओं के लिए उपलब्ध है, जो Disability Royal Commission के साथ संलग्न होने के बारे में सोच रहे हैं और जिन्हें संचार करने में या प्रक्रिया को समझने में कठिनाई हो सकती है।

क्या आपकी वेबसाइट पर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण किया गया है और विकलांगता-ग्रस्त लोगों के परामर्श से इन्हें विकसित किया गया है?

परामर्श और पक्ष-समर्थन सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए इस संचार टूलकिट में रचनात्मक संसाधनों को स्वदेशी स्वामित्व वाली कंपनी *Carbon Creative* द्वारा विकसित किया गया था। उन्हें एक स्वतंत्र अनुसंधान कंपनी *Whereto* के माध्यम से अनेकानेक विविधतायुक्त विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ गहन परामर्श करके डिज़ाइन किया गया था। इस शोध में भाग लेने वाले लोगों में अनेकानेक प्रकार की विकलांगताओं से ग्रस्त लोग, आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोग जो विकलांगता-ग्रस्त हैं, तथा सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों से आने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोग

शामिल थे। Department of Social Services ने इन उत्पादों को डिज़ाइन करने में विकलांगता प्रतिनिधि संगठनों के साथ भी व्यापक रूप से परामर्श किया।

सभी अंतिम उत्पाद पूरी तरह से सुलभ पीडीएफ और वर्ड प्रारूपों में उपलब्ध हैं और वे WCAG 2.0 सुलभ वेब मानक के अनुरूप हैं ।

समर्थन सेवाओं के बारे में जानकारी विभिन्न सुलभ प्रारूपों में उपलब्ध है, जिनमें Easy Read, Auslan और अन्य भाषाएँ शामिल हैं।

Disability Royal Commission के बजाय Department of Social Services समर्थन सेवाओं को बढ़ावा क्यों दे रहा है?

परामर्श और पक्ष-समर्थन सेवाएँ प्रदान करने के लिए वित्त-पोषित संगठनों को Department of Social Services (DSS) के माध्यम से वित्त-पोषित किया जाता है, जो Disability Royal Commission से स्वतंत्र है।

DSS उपलब्ध समर्थन सेवाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने में सहायता के लिए Disability Royal Commission समेत अनेकानेक हितधारकों और संगठनों के साथ काम कर रहा है। Attorney General's Department उन लोगों के लिए उपलब्ध कानूनी और आर्थिक समर्थन सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी प्रदान कर सकता है, जो Disability Royal Commission के साथ संलग्नता करते हैं।

क्या National Counselling and Referral Service आमने-सामने का परामर्श प्रदान करती है?

National Counselling and Referral Service मुख्य रूप से एक टेलीफोन और ऑनलाइन सेवा है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने जटिल ज़रूरतों और अधिक गहन समर्थन की आवश्यकता वाले लोगों की सहायता के लिए परामर्श सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में अतिरिक्त संगठनों को भी वित्त-पोषित किया है।

ये संगठन इन-पर्सन (आमने-सामने), मीडियम-टर्म (मध्यम-अवधि), ट्रॉमा-इनफॉर्म्ड (आघात-सूचित) परामर्श के साथ-साथ टेलीफोन या ऑनलाइन सपोर्ट जैसे अन्य तरीकों से भी परामर्श प्रदान करते हैं। इनमें से कुछ संगठन स्वदेशी-संचालित हैं।

National Counselling and Referral Service लोगों को आवश्यकतानुसार मामला-दर-मामला आधार पर इन परामर्श सेवाओं के प्रति संदर्भित करेगी।

क्या अब आमने-सामने के परामर्श की समर्थन सेवाएँ उपलब्ध हैं?

अब आमने-सामने का समर्थन उपलब्ध है, लेकिन यह कोरोनावायरस (COVID-19) से संबंधित प्रतिबंधों और अलग-अलग राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में आमने-सामने की मुलाकातों की सीमितता पर निर्भर करता है।

आप अपने राज्य या राज्य-क्षेत्र में किसी प्रदाता की खोज करने और यह पताने लगाने के लिए **1800 421 468** पर National Counselling and Referral Service से संपर्क कर सकते/सकती हैं कि अभी आपके लिए क्या विकल्प उपलब्ध हैं।

यदि लोगों ने Disability Royal Commission के समक्ष प्रस्तुति जमा करने का निर्णय अभी नहीं लिया है, तो क्या वे परामर्श का उपयोग कर सकते/सकती हैं?

हाँ। National Counselling and Referral Service ऐसे विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए निःशुल्क, गोपनीय और स्वतंत्र सेवा है जिन्होंने हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण का अनुभव किया है।

यह उन लोगों के लिए भी उपलब्ध है जो Disability Royal Commission के साथ संलग्न हो रहे/रही हैं, या इसमें भाग लेने के बारे में सोच रहे/रही हैं; और जो Disability Royal Commission के बारे में कहानियों या मीडिया रिपोर्टों से प्रभावित महसूस करते हैं।

इस समर्थन की सुलभता के लिए आपको प्रस्तुति जमा करने या Disability Royal Commission के साथ पहले कभी संलग्नता होने की आवश्यकता नहीं है।

यदि कोई व्यक्ति National Counselling and Referral Service को अपनी कहानी बताता है, तो क्या इसे Disability Royal Commission के समक्ष प्रस्तुति जमा करने के रूप में माना जाता है?

नहीं। National Counselling and Referral Service, Blue Knot Foundation द्वारा संचालित की जाती है और यह Disability Royal Commission से स्वतंत्र है।

यदि कोई व्यक्ति सलाहकार से बात करता है और वे प्रस्तुति जमा करने का निर्णय लेते हैं, तो National Counselling and Referral Service उन्हें पक्ष-समर्थन के लिए एक स्वतंत्र पक्ष-समर्थक के पास या सीधे Disability Royal Commission के पास संदर्भित कर सकती है।

कौन से संगठन परामर्श और पक्ष-समर्थन सहायता सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं?

National Counselling and Referral Service के माध्यम से Blue Knot Foundation राष्ट्रीय परामर्श समर्थन उपलब्ध कराता है। Blue Knot Foundation लोगों को नीचे सूचीबद्ध परामर्श और पक्ष-समर्थन प्रदाताओं के प्रति संदर्भित भी कर सकता है।

प्रणालीगत पक्ष-समर्थन

- Children and Young People with Disability Australia (CYDA)
- National Ethnic Disability Alliance (NEDA)

- People with Disability Australia (PWDA)
- Women with Disability Australia (WWDA)
- First Peoples Disability Network (FPDN) †
- Australian Federation of Disability Organisations (AFDO)
- Inclusion Australia
- Disability Advocacy Network Australia (DANA)

राज्य और राज्य-क्षेत्र प्रदाता

राज्य/राज्य-क्षेत्र	पक्ष-समर्थन (व्यक्तिपरक)	परामर्श
एसीटी	• ACT Disability Aged and Carer Advocacy Service* • Advocacy for Inclusion	• Relationships Australia Canberra and Region
एनएसडब्ल्यू	• SCIA Advocacy Northern Rivers • Disability Advocacy NSW • Illawarra Advocacy • Intellectual Disability Rights Service • Multicultural Disability Advocacy Association of New South Wales • Newell Advocacy* • Self Advocacy (Sydney) • Regional Disability Advocacy Service • Side By Side Advocacy • Sydney Region Aboriginal Corporation† • Family Advocacy • People with Disability Australia	• Relationships Australia New South Wales Relationships Australia Canberra and Region (कवरेज में एसीटी, राजधानी क्षेत्र, रिवरिना, मुर्रे शामिल हैं) • Interrelate Limited
नॉर्दर्न टेरिटरी	• Darwin Community Legal Service • Disability Advocacy Service • Ngaanyatjarra Pitjantjatjara Yankunytjatjara Women's Council*†	• Relationships Australia Northern Territory • Danila Dilba Health Service Aboriginal Corporation†
क्वींसलैंड	• Aged and Disability Advocacy Australia • Independent Advocacy in North Queensland • Mackay Advocacy • People with Disability Australia • Queensland Advocacy • Rights In Action • Speaking Up For You • TASC National	• Micah Projects, जिनमें इनके साथ उप-अनुबंध व्यवस्थाएँ शामिल हैं: • Link-Up QLD† • Cape York/Gulf Remote Area Aboriginal and Torres Strait Islander Child Care Advisory Association Inc. † • WWILD – Sexual Violence Prevention Association

साउथ ऑस्ट्रेलिया	• Advocacy for Disability Access and Inclusion • Disability Advocacy and Complaints Service of South Australia • Disability Rights Advocacy Service • Independent Advocacy SA	• Relationships Australia South Australia • Nunkuwarrin Yunti†
तस्मानिया	• Advocacy Tasmania • Speak Out Association of Tasmania	• Relationships Australia Tasmania
राज्य/राज्य-क्षेत्र	**पक्ष-समर्थन (व्यक्तिपरक)**	**परामर्श**
विक्टोरिया	• Action for More Independence and Dignity in Accommodation • Action on Disability within Ethnic Communities • Association of Employees with • Disability • Colac Otway Region Advocacy Service • Disability Justice Australia • Gippsland Disability Advocacy • Grampians disAbility Advocacy Association* • Leadership Plus • Melbourne East Disability Advocacy • North East Citizen Advocacy • Rights Information and Advocacy Centre • Southern Disability Advocacy • Southwest Advocacy Association • Victorian Mental Illness Awareness Council • Villamanta Disability Rights Legal Service • Regional Disability Advocacy Service	• Relationships Australia Victoria Drummond Street Services

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया	• Advocacy WA • Kin Advocacy • Midland Information, Debt & Legal Advocacy Service • People With Disabilities (W.A.) • Sussex Street Community Law Service	• Relationships Australia Western Australia • Yorgum Healing Services† • Kimberly Stolen Generation Aboriginal Corporation†

** स्वदेशी सामुदायिक पक्ष-समर्थकों को नियुक्त करने के लिए वित्त-पोषित संगठन।*
† आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी संगठन।